103.	टीकमगढ़	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, टीकमगढ़	श्री उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, टीकमगढ़ .".

F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One).—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradeah, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One), dated 16th September 2010, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial numbers 3, 4, 23, 36, 71, 76, 82, 83, 84, 84-A, 98 and 103 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S.No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"3.	Anuppur	I[st] Additional Sessions Judge, Anuppur..	Shri Deepak Gupta, I[st] Additional Sessions Judge, Anuppur.
4.	Ashoknagar	I[st] Additional Sessions Judge, Ashoknagar.	Shri S. K. Jain (Senior) I[st] Additional Sessions Judge, Ashoknagar.
23.	Damoh	I[st] Additional Sessions Judge, Damoh.	Shri Subodh Kumar Jain, I[st] Additional Sessions Judge, Damoh.
36.	Guna	III[rd] Additional Sessions Judge, Guna.	Shri Rajeev Apte, III[rd] Additional Sessions Judge, Guna.
71.	Raisen	Additional Sessions Judge, Begumganj.	Shri Avdesh Kumar Singh, Additional Sessions Judge, Begumganj.
76.	Ratlam	I[st] Additional Sessions Judge, Jaora.	Shri Mahendra Kumar Jain, I[st] Additional Sessions Judge, Jaora.
82.	Sagar	Additional Judge to Additional Sessions, Judge, Rehli.	Shri K. S. Tomar, Additional Judge to Additional Sessions, Judge, Rehli.
83.	Satna	III[rd] Additional Sessions Judge, Satna.	Shri A. K. Singh (Senior) III[rd] Additional Sessions Judge, Satna.
84.	Satna	IV[th] Additional Sessions Judge, Satna.	Smt. Anuradha Shukla, IV[th] Additional Sessions Judge, Satna.
84-A	Satna	Additional Sessions Judge, Nagod.	Shri Akhilesh Chandra Shukla, Additional Sessions Judge, Nagod.
98.	Shivpuri	III[rd] Additional Sessions Judge, Shivpuri.	Shri M. H. Ansari, III[rd] Additional Sessions Judge, Shivpuri.
103.	Tikamgarh	I[st] Additional Sessions Judge, Tikamgarh.	Shri Upendra Kumar Singh, I[st] Additional Sessions Judge, Tikamgarh.".

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक).—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-6-89-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 3 अप्रैल, 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल, 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 17 और 38-क तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

अनुसूची

अनुक्रमांक	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम	विशेष न्यायालय	स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड
(1)	(2)	(3)	(4)
"17.	श्री पी. एस. कुशवाह विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण), अधिनियम, 1989.	भिण्ड	भिण्ड
38-क.	श्री महेन्द्र कुमार जैन अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जावरा.	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, जावरा.	पुलिस थाना जावरा शहर का स्थानीय क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र जावरा, कालूखेड़ा, रिंगनोद, बड़ोद, पिपलौदा तथा पुलिस थाना ताल.".

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 1-6-89-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendments in this Department's Notification F.No. 1-6-89-XXI-B(I) dated 3rd April 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-I dated 17th April, 1998, namely:—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the Schedule, for serial numbers 17 and 38-A and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall respectively be substituted, namely:—

SCHEDULE

S. No	Name and designation of the Judge	Special Court	Local area/Session division
(1)	(2)	(3)	(4).
"17.	Shri P. S. Kushwah Special Judge, Scheduled Caste and Scheduled Tribe (Prevention of Atrocities) Act, 1989.	Bhind	Bhind
38-A.	Shri Mahendra Kumar Jain, Additional Sessions Judge, Jaora.	Additional Special Court, Jaora.	Local area of Police Station Jaora City, Industrial Area Jaora, Kalukheda, Ringnod, Badauda, Piploda and and Police Station Taal.".

This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in the Notification assumes the charge of this office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, प्रमुख सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, सिंगरौली, मध्यप्रदेश

सिंगरौली, दिनांक 3 अगस्त 2011

क्र. 796-आर.डी.एम.-2011.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1972 का संख्या 02) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, मैं, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कालम (1) में विनिर्दिष्ट स्थान पर मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ-2(क)-48-10-बी-3-दो, भोपाल, दिनांक 24 जून 2011 के द्वारा सिंगरौली जिले के सरई थाना के अन्तर्गत स्वीकृत "नवीन पुलिस चौकी निगरी" की अधिकारिता, अनुसूची के कालम नं. (2) में अंकित तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट रखने वाली पुलिस चौकी के रूप में घोषित करता हूं:—

अनुसूची

पुलिस स्टेशन का स्थान (1)	अधिकारिता (2)
पुलिस चौकी निगरी, थाना सरई, जिला सिंगरौली (म. प्र.)	1. निगरी, 2. कटई 3. बेलगांव 4. जोवा 5. ताल 6. दियाडोल 7. धनवाही 8. कुचवाही 9. काछीनार 10. छमरछ

No. 797-RDM-2011.—In exercise of the powers conferred by clause (G) of Section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974) the I, Collector & District Magistrate Singrauli hereby, declare the Police Out Post at the Place specified in column (1) of the schedule below having jurisdiction specified in the corresponding entries in column (2) of the said schedule. This police out post will remain in the jurisdiction of police station Sarai :—

SCHEDULE

Places of Police Out Post (1)	Jurisdiction (2)
Out Post Nigari, Police Station Sarai, Distt. Singrauli (M.P.)	1. Nigari 2. Katai 3. Belgawan 4. Jowa 5. Tal 6. Diyadol 7. Dhanwahi 8. Kuchwahi 9. Kachhinar 10. Chamrach

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. नरहरि, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कुलाधिपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश

राजभवन, भोपाल, दिनांक 6 अगस्त 2011

आदेश

क्र. एफ-1-6-09-रास-यूए-1-1040.—प्रो. राम राजेश मिश्रा, कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा दिनांक 3 अगस्त 2011 को प्रस्तुत त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकृत किया जाता है.

''मध्यप्रदेश विश्विद्यालय अधिनियम, 1973'' की धारा 14 की उपधारा (6) के प्रावधानांतर्गत मैं, रामेश्वर ठाकुर, कुलाधिपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, एतद्द्वारा, डॉ. जगमोहन केलर, आचार्य, भौतिक शास्त्र विभाग एवं संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर को नये कुलपति की नियुक्ति होने तक के लिए उक्त विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्य सम्पादित करने के लिये नाम-निर्देशित करता हूं.

रामेश्वर ठाकुर, कुलाधिपति.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

निर्वाचन भवन

58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

भोपाल, दिनांक 8 अगस्त 2011

आदेश

क्र एफ 67-263-10-तीन-1265.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत ब्यौहारी जिला शहडोल** के आम निर्वाचन में **श्री हरिमोहन तिवारी** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत ब्यौहारी जिला शहडोल** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी **शहडोल** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **शहडोल** के पत्र क्रमांक न.पा.-निर्वा.-2010-775, दिनांक 5 जून, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री हरिमोहन तिवारी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री हरिमोहन तिवारी** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 15 जुलाई 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, शहडोल के माध्यम से दिनांक 4 अगस्त 2010 को उनके पुत्र **श्री प्रियदर्शी तिवारी,** उम्र 20 वर्ष के माध्यम से तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री हरिमोहन तिवारी को नोटिस दिनांक 4 अगस्त 2010 को तामील कराया गया. अत: अभ्यर्थी को दिनांक 19 अगस्त 2010 तक निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. कलेक्टर शहडोल ने पत्र दिनांक 13 सितम्बर 2010 में लेख किया कि ''अभ्यर्थी द्वारा

एक माह की अवधि व्यतीत होने के उपरांत भी आज दिनांक तक इस कार्यालय में किसी प्रकार का अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया.'' उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 29 मार्च, 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष दिनांक 26 अप्रैल, 2011 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर, शहडोल द्वारा दिनांक 23 अप्रैल, 2011 को कराई गई, अभ्यर्थी ने दिनांक 22 अप्रैल 2011 को एक अभ्यावेदन आयोग को प्रेषित करते हुए लेख किया कि वे व्यक्तिगत सुनवाई की दिनांक 26 अप्रैल 2011 को अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं हो सकेंगे. अभ्यर्थी के उक्त अभ्यावेदन के आधार पर उन्हें सुनवाई का एक और मौका देते हुए 18 जुलाई 2011 को आहूत किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर, शहडोल द्वारा दिनांक 13 जुलाई, 2011 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री हरिमोहन तिवारी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत ब्यौहारी जिला शहडोल** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 8 अगस्त 2011

आदेश

क्र एफ 67-5-8-तीन-1268.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2007 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत नरवर जिला शिवपुरी** के आम निर्वाचन में **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर पंचायत के निर्वाचन की परिणाम दिनांक 24 दिसम्बर 2007 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 23 जनवरी 2008 तक, **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला शिवपुरी के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपुरी के पत्र क्रमांक स्था. निर्वा.-न.पा.नि.-2007-394, दिनांक 29 फरवरी 2008 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** को कारण बताओ सूचना पत्र क्र. एफ 67-5-2008-तीन-285, दिनांक 14 मार्च 2008 को जारी कर, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, शिवपुरी के माध्यम से दो बार दिनांक 23 अगस्त 2008 एवं 27 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** से जबाव (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** को नोटिस दिनांक 23 अगस्त 2008 एवं 27 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया. अभ्यर्थी ने नोटिस की तामीली होने पर दिनांक 25 अगस्त 2008 को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया, जिसमें संबंधित जानकारी दिनांक 23 दिसम्बर 2007 को नरवर कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने का लेख किया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला शिवपुरी से

प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 25 जनवरी 2011 के द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** द्वारा सीधे राज्य निर्वाचन आयोग को दिनांक 3 सितम्बर 2008 को व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है. **श्रीमती गीता कुशवाह** द्वारा रुपये 23,160/- का कुल व्यय किया गया है, जो निर्धारित सीमा के अन्दर है. लेकिन **श्रीमती गीताबाई** द्वारा निर्धारित समय-सीमा में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है एवं व्यय लेखा समयसीमा में प्रस्तुत नहीं करने का कारण, संतोषप्रद नहीं होने से स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 27 अप्रैल 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, अभ्यर्थी **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** उक्त दिवस को आयोग कार्यालय में अपने अभ्यावेदन एवं समस्त दस्तावेज सहित उपस्थित हुई. अभ्यर्थी से प्राप्त अभ्यावेदन एवं समस्त दस्तावेज की जांच कलेक्टर शिवपुरी से कराई गई. कलेक्टर शिवपुरी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन दिनांक 30 जून 2011 में प्रतिवेदित **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** द्वारा निर्धारित समय-सीमा में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है, इस कारण से उन्होंने **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** को निरर्ह घोषित किया जाना प्रस्तावित किया गया है. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती गीताबाई/कल्लूराम बाथम** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत नरवर जिला शिवपुरी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 02 वर्ष (दो वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 10 अगस्त 2011

आदेश

क्र एफ 67-155-10-तीन-1286.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत बदनावर जिला धार** के आम निर्वाचन में **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर पंचायत के निर्वाचन परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन का परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी धार के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धार के पत्र दिनांक 10 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 18 जनवरी 2011 को जारी कर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, धार के माध्यम से दिनांक 14 मार्च 2011को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** से जबाव (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** को नोटिस दिनांक 14 मार्च 2011 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 29 मार्च 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** को नोटिस तामिली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला धार से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 15 अप्रैल 2011 के

द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** द्वारा विलम्ब से लेखा प्रस्तुत करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन उनके कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 15 जुलाई 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, अभ्यर्थी **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** उक्त दिवस को आयोग में उपस्थित हुई. अधोहस्ताक्षरकर्ता के प्रवास पर रहने के कारण, समक्ष में सुनवाई नहीं हो सकने पर, अभ्यर्थी को दोबारा सुनवाई हेतु बुलाये जाने का निर्णय लिया गया. तत्समय अभ्यर्थी **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** ने अपना आवेदन/व्यय लेखा प्रस्तुत किया. अभ्यर्थी ने अपने आवेदन में अंकित किया है कि ''मेरे द्वारा व्यय लेखा की छायाप्रति मेरे लड़के हर्ष गादिया के द्वारा डॉक बंगले पर भिजवाया था. उसका मूल व्यय लेखा मेरे पास है. जिसे में प्रस्तुत कर रही हूं.

मेरी आर्थिक परिस्थिति एवं मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण में दूसरी बार नहीं आ सकती. ''नियमों में लेखे कलेक्टर कार्यालय में जमा करवाने का प्रावधान है, अन्यत्र नहीं. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** द्वारा नियत समयावधि में मूल निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती विमला सुभाषचन्द्र गादिया** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत बदनावर जिला धार** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 02 वर्ष (दो वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(सुभाष जैन)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा मध्यप्रदेश, ग्वालियर

ग्वालियर, दिनांक 9 अगस्त 2011

क्र. आई.एल.एफ.ए.-प्रशा-एक-5464.—मैंने दिनांक 11 जुलाई 2011 से संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण कर लिया है.

अत: संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, ग्वालियर मध्यप्रदेश को संबोधित किये जाने वाले समस्त अर्द्धशासकीय व गोपनीय पत्रादि मेरे नाम से संबोधित करने का कष्ट करें.

पंकज अग्रवाल, आई.ए.एस. संचालक.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

ग्वालियर, दिनांक 11 अप्रैल 2011

क्र. 04-अ-82-10-11-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ग्वालियर	चीनौर	झांकरी	1.23	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, ग्वालियर.	हिम्मतगढ़ तालाब योजना के अन्तर्गत बांयी तट नहर की वितरिकाओं हेतु भूमि का अर्जन.
		योग . .	1.23		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) न्यायालय, भू-अर्जन अधिकारी, ग्वालियर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

क्र. 12-अ-82-10-11-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ग्वालियर	घाटीगांव	हुकुमगढ़	1.03	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, ग्वालियर.	हिम्मतगढ़ तालाब योजना के अन्तर्गत बांयी तट नहर की वितरिकाओं हेतु भूमि का अर्जन.
		योग . .	1.03		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) न्यायालय, भू-अर्जन अधिकारी, ग्वालियर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

ग्वालियर, दिनांक 30 जुलाई 2011

क्र. 22-अ-82-10-11-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ग्वालियर	चीनौर	अमरधा	6.844	कार्यपालन यंत्री, बांध सुरक्षा संभाग, जिला ग्वालियर.	अमरधा तालाब की पार एवं नहर निर्माण हेतु ग्राम अमरधा की भूमि का अर्जन.
		योग . .	6.844		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) न्यायालय, भू-अर्जन अधिकारी, ग्वालियर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

ग्वालियर, दिनांक 4 अगस्त 2011

क्र. 24-अ-82-10-11-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ग्वालियर	भितरवार	रिठोंदन	4.925	कार्यपालन यंत्री, हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग, डबरा जिला ग्वालियर.	हरसी उच्च स्तरीय नहर निर्माण हेतु ग्राम रिठोंदन की भूमि का अर्जन.
		योग . .	4.925		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) न्यायालय, भू-अर्जन अधिकारी, ग्वालियर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 27 जून 2011

प्र. क्र. 4-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे वर्णित अनुसूची के कॉलम नम्बर (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के कॉलम नम्बर (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, अनुसूची के कॉलम नम्बर (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	लटेरी	छिरारी	8.164	भू-अर्जन अधिकारी, सिरोंज	सगड मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र की निजी भूमि का अर्जन.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भू-अर्जन की आवश्यकता है—सगड मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र की निजी भूमि के अर्जन हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय भू-अर्जन अधिकारी, सिरोंज में किया जा सकता है.

विदिशा, दिनांक 4 अगस्त 2011

प्र. क्र. 1-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	मटैना	2.278	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 10 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	2.278		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन, भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 2-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	मुड़ैना	3.355	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 12, 13, 14 व 15 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
			योग . . 3.355		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन, भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 3-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	सुनेटी	2.595	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 9 एवं 10 एवं 11 व 13/2 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
			योग . . 2.595		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन, भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 4-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	रसूलपुर	1.253	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 2, 3 व 4 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	1.253		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन, भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 5-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	बिजौरी	2.216	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 4, 5 एवं 6 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	2.216		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन, भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 6-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है.

अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	बगरोदा	1.847	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघर्रू मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 7, 8 व 9 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	1.847		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघर्रू मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 7-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	त्योंदा	0.597	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघर्रू मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 1 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	0.597		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघर्रू मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 8-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	परासरी	1.673	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 16, 17, 19, 20 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	1.673		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 9-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	उकायला	1.629	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 16, 18, 20 व 14 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	1.629		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 10-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	सुमेर काछी	1.811	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 13/1 व 14 एवं 10 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	1.811		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 11-अ-82-10-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	त्योंदा	लहरावदा	2.920	भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा	बघरूं मध्यम— जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की माइनर क्रमांक 13/1, 13/2 एवं 10 हेतु भूमि का अधिग्रहण.
		योग . .	2.920		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है—बघरूं मध्यम परियोजना की बांयी तट नहर की माइनर नहर हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का अवलोकन भू-अर्जन अधिकारी, बासौदा के कार्यालय में किया जा सकता है.

विदिशा, दिनांक 5 अगस्त 2011

प्र. क्र. 12-ए-82-2010-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	विदिशा	कर्राखेड़ी	6.124	कार्यपालन यंत्री, संजय सागर परियोजना बाह नदी संभाग गंजबासौदा, जिला विदिशा.	संजय सागर बाह मध्यम परियोजना के नहर निर्माण हेतु.
		योग . .	6.124		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विदिशा, जिला विदिशा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

प्र. क्र. 13-ए-82-2010-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	विदिशा	सहजाखेड़ी	6.030	कार्यपालन यंत्री, संजय सागर परियोजना बाह नदी संभाग गंजबासौदा, जिला विदिशा.	संजय सागर बाह मध्यम परियोजना के नहर निर्माण हेतु.
		योग . .	6.030		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विदिशा, जिला विदिशा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

प्र. क्र. 14-ए-82-2010-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	विदिशा	बंधिया	2.050	कार्यपालन यंत्री, संजय सागर परियोजना बाह नदी संभाग गंजबासौदा, जिला विदिशा.	संजय सागर बाह मध्यम परियोजना के नहर निर्माण हेतु.
		योग . .	2.050		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विदिशा, जिला विदिशा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. बी. सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

टीकमगढ़, दिनांक 30 जुलाई 2011

प्र. क्र. 7-भू-अर्जन-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	पलेरा	खरौं	0.860	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जतारा.	करियापाठा तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:—करियापाठा तालाब के की नहर निर्माण हेतु ग्राम खरौं की भूमि का अर्जन.

(3) भूमि का नक्शा का विवरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जतारा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

प्र. क्र. 8-भू-अर्जन-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को

इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	पलेरा	महेबा चक्र-3	3.000	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जतारा.	करियापाठा तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:—करियापाठा तालाब की नहर निर्माण हेतु ग्राम महेबा चक्र-1 की भूमि का अर्जन.

(3) भूमि का नक्शा का विवरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जतारा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

प्र. क्र. 9-भू-अर्जन-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	पलेरा	महेबा ऊगढ़	1.960	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जतारा.	करियापाठा तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:—करियापाठा तालाब के की नहर निर्माण हेतु ग्राम महेबा ऊगढ़ की भूमि का अर्जन.

(3) भूमि का नक्शा का विवरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जतारा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

प्र. क्र. 10-भू-अर्जन-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	पलेरा	भदरई	1.500	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जतारा.	करियापाठा तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:—करियापाठा तालाब के की नहर निर्माण हेतु ग्राम भदरई की भूमि का अर्जन.

(3) भूमि का नक्शा का विवरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जतारा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रघुराज राजेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सागर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सागर, दिनांक 30 जुलाई 2011

क्र.-क-6304-प्र.भू-अर्जन-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें नीचे दी गई अनुसूची के सामने खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (7) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिभूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			कुल ख. नं.	कुल रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
सागर	देवरी	जमुनिया पंडित	18	6.00	कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्र. 1, सागर (म.प्र.).	देवरी विकासखण्ड के अन्तर्गत समनापुर जलाशय के नहर निर्माण में आने वाली निजी भूमि का भू-अर्जन.

